हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 नगरपालिका ने ताप्ती बैराज से दूसरी पाइपलाइन बिछाने ...



08 कलेक्टर और एसपी ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण



महानवमी पर कन्या पूजन, कन्या भोज, भंडारे अनुष्ठान और हवन पूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे

नवरात्र: ब्रह्म मुहूर्त में गूंज रहे जयकारे, लाल ध्वजा और चुनरी से सजा शहर, गरबा नृत्य और महाआरती की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में नवरात्रि की धूम है। इसके चलते ब्रह्म मुहूर्त में मां के जयकारे गूंज रहे हैं। लाल ध्वजा , चुनरी और केसरिया रंग से शहर झिलमिल हो रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में झांकियां सज रही है। महाअष्टमी पर महागौरी की पूजा हुई। सोमवार महानवमीं को मां सिद्धिदात्री की आराधना होगी । महानवमी पर कन्या पूजन, कन्या भोज, भंडारे अनुष्ठान और हवन पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । जगह-जगह दुर्गा सप्तशती पाठ , अनुष्ठान, गरबा , नृत्य कार्यक्रम शहर भर में चल रहे हैं । कन्या पूजन और भोज के आयोजन हो रहे हैं । देवी पंडालों और सलकनपुर के रास्तों पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जा रहा है।



सर्वार्थसिद्धि और रवि योग का संयोग

ज्योतिष आचार्य पंकज पाठक ने बताया कि सोमवार को 6 शुभ योग इस तिथि को खास बना रहे हैं। इस बार अष्टमी पर सर्वार्थसिद्धि और रवि योग रहने वाला है, इसके अलावा, 19 अक्टूबर को तुला राशि में शुक्र, सूर्य और बुध की मौजूदगी से लक्ष्मी नारायण, बुधादित्य, शुक्रादित्य राजयोग भी रहेगा, साथ ही, गुरु-चंद्रमा की विशेष परिस्थिति इस दिन गजकेसरी योग का निर्माण करेगी।

देवी स्वरूपों के सजे दरबार

शहर में सतरस्ते पर माता महाकाली, जुमेराती की नगर सेठानी, कसेरा मोहल्ले की पगड़ी वाली माता, होली चौक पर नवदुर्गा, कोठी बाजार , ग्वालटोली की काली मंदिर की माता काली , भगवान शंकर, अमर चौक , पर तारा अहाता वाली काली जी जय स्तंभ मां छिन्नमस्तिका द्वारा भी मां के भव्य रूप विराजित किए गए हैं ।

विजयादशमी पर होगी शस्त्र पूजन

मंगलवार को विजयादशमी रवि और श्रवण नक्षत्र के संयोग में मनेगा। व्यापिनी दशमी में दशहरा मनाया जाएगा। इसके साथ ही यह अबूझ मुहूर्त मूना जाता है। इस दिन शस्त्र , औजार और वाहन पूजन होती है। वहीं लोग नई खरीददारी करते हैं। वहीं इस वर्ष व्यापारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की अपेक्षा अच्छा व्यापार होने का अनुमान है।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

नवरात्रि के चलते जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शहर के सभी संवेदनशील और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले पंडालों पर पुलिस बल और महिला पुलिस बल तैनात किया गया है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए प्रमुख मार्गों और पंडाल परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा रूट डायवर्जन भी किया गया है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही शहर में सलकनपुर जाने वाले पैदल यात्रियो के लिए भी व्यवस्था की गई है।

हिन्दू पुत्र उत्सव समिति ने की महाआरती



नर्मदापुरम। चैतन्य नगर मालाखेड़ी स्थित हिन्दू पुत्र उत्सव समिति द्वारा अष्टमी के पावन अवसर पर मां भगवती की महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति की महिला सदस्यों ने माता रानी का विशेष श्रृंगार किया। महाआरती में श्रद्धालु अपने-अपने घरों से सुसज्जित आरती की थाल लेकर शामिल हुए और भक्तिभाव से मां जगत जननी की आराधना की।

खबर संक्षेप

सोयाबीन किसानों की पंजीयन अवधि 24 तक

नर्मदापुरम। राज्य शासन ने किसानों के व्यापक हित में ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। भारत सरकार की भावांतर योजना में खरीफ 2026 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अवधि 3 से 17 अक्टूबर तक निर्धारित थी। इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिये गये हैं। उन्हें पंजीकृत कृषकों का सत्यापन भी इस अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम

नर्मदापुरम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मध्यप्रदेश में 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समय-सारणी निर्धारित की गई है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने आयोग के निर्देश अनुसार प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को तदानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिसमें 2 नवंबर 2026 तक: मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थापन, 2 नवंबर 2026: प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

सिवनी मालवा क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर प्रशासन की कार्रवाई

भांगिया में नरवाई जलाने पर दर्ज की गई एफआईआर, हो रही निगरानी

प्रशासन द्वारा नरवाई की आग को रोकन के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। क्षेत्र की निगरानी ड्रोन से की जा रही है। टीम सतत नजर बनाए हुए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में खरीफ फसल की कटाई के उपरांत खेतों में बचे फसल अवशेषों (नरवाई) को जलाने से रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है। नरवाई जलाने पर रोक लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश भी जारी किए गए हैं। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नरवाई जलाने के मामलों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिले में नरवाई प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कलेक्टर श्री वशिष्ठ के निर्देश पर संबंधित विभागों के अधिकारियों और किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित कर नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया गया है। साथ ही किसानों से पर्यावरण और मिट्टी की उर्वरता को सुरक्षित रखने के लिए नरवाई का उचित प्रबंधन करने की अपील की गई है।



प्रशासनिक टीम रख रही नजर, ड्रोन से हो रही क्षेत्रों की निगरानी

नरवाई जलाने की घटनाओं की निगरानी राज्य स्तर पर सेटेलाइट के माध्यम से तथा स्थानीय स्तर पर ड्रोन से की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्थानीय स्तर पर गठित क्विक रिस्पांस टीम भी सतत निगरानी कर रही हैं। इसी क्रम में थाना सिवनी मालवा क्षेत्र के ग्राम भांगिया में संयुक्त ग्राम स्तरीय नरवाई समिति द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हल्का पटवारी, ग्राम कोटवार एवं कृषि विस्तार अधिकारी को कृषक ओमप्रकाश के खेत में नरवाई जलाने के साक्ष्य मिले। इस मामले में संबंधित किसान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (**BNS**), 2023 की धारा 223(क) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही किसानों को जागरूक भी किया जा रहा है कि वे खेतों में नरवाई न जलाए, इसके लिए दूसरे रास्ते भी अपनाएं।

प्रशासन की अपील, सहयोग करें किसान

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को न जलाएं। यदि किसी किसान के पास नरवाई प्रबंधन के लिए आवश्यक कृषि यंत्र उपलब्ध नहीं हैं, तो वे स्थानीय स्तर पर संसाधन उपलब्ध कराने वाले किसानों से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा संचालित जे-फार्मा ऐप के माध्यम से कस्टम हायरिंग केंद्रों तथा कृषि यंत्रों की सेवाएं प्रदान करने वाले सेवा प्रदाताओं से भी संपर्क कर मशीनें प्राप्त की जा सकती हैं।

जिला प्रशासन ने किसानों से नरवाई का उचित प्रबंधन कर पर्यावरण संरक्षण, भूमि की उर्वरता बनाए रखने और आगजनी की घटनाओं को रोकने में सहयोग करने की अपील की है।

नगर पालिका ने कबाड़े वाले पर किया 10 हजार का जुर्माना

कलेक्टर के आदेश पर की गई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के सख्त निर्देशों के पालन में शहर में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत नगरपालिका ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के डबल फाटक ओवरब्रिज के नीचे सड़क पर अतिक्रमण कर कबाड़ फैलाने और गंदगी करने वाले एक कबाड़े संचालक पर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट सीमा बड़ोने, मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, नगरपालिका का अतिक्रमण दल और देहात थाने का पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौके पर मौजूद रहा।

अतिक्रमण दल के सदस्य शेख सिकंदर ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि डबल फाटक ओवरब्रिज के नीचे कबाड़े वाले द्वारा सड़क पर अवैध रूप से सामान फैलाकर अतिक्रमण किया गया है। इसके कारण न केवल रास्ता संकरा हो गया था, बल्कि भारी गंदगी और कचरे के ढेर से आम नागरिकों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

रविवार को नगरपालिका के अतिक्रमण दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क से अतिक्रमण हटवाया और कबाड़े को व्यवस्थित कराया। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों ने संबंधित व्यक्ति को समझाइश दी और भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत दी।

अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर अवैध देशी-विदेशी मदिरा और महुआ लहान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं निर्माण के विरुद्ध अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा इटारसी शहर के डोलरिया सहित औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में दबिश देकर अवैध मदिरा एवं लहान बरामद किया गया। दोनों कार्रवाइयों में कुल 10 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत दर्ज किए गए हैं।

आबकारी विभाग की टीम ने इटारसी शहर के डोलरिया में दबिश देकर 18 क्वार्टर देशी मसाला मदिरा,



30 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा तथा 3 बोतल विदेशी मदिरा बरामद की। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 6,300 रुपये है। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 4 प्रकरण दर्ज किए गए।

एक अन्य कार्रवाई में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त औद्योगिक क्षेत्र इटारसी में दबिश दी गई। यहां से 12 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 270 किलोग्राम लहान तथा 45 क्वार्टर देशी मदिरा बरामद की गई। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 33,600 रुपये है। इस मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत 6 प्रकरण दर्ज किए गए। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जबलपुर की गढ़ा फाटक वाली महाकाली का आकर्षक स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के गांधी चौक पर सरकारी अस्पताल के सामने बड़ी माई महाकाली की भव्य प्रतिमा विराजित की गई है। माता का यह स्वरूप जबलपुर के प्रसिद्ध गढ़ा फाटक वाली महाकाली से प्रेरित है। जबलपुर की बड़ी महाकाली प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र मानी जाती हैं। इसी स्वरूप में नर्मदापुरम में भी माता को विराजित करने का प्रयास किया गया है, ताकि शहर और आसपास के श्रद्धालु अपने ही नगर में माता के दर्शन कर सकें। समिति के सदस्यों ने बताया कि जबलपुर की प्रसिद्ध बड़ी महाकाली के दर्शन



के लिए नर्मदापुरम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। हालांकि, दूरी और अन्य कारणों से कई भक्त जबलपुर नहीं जा पाते। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए गांधी चौक पर जबलपुर की तर्ज पर माता महाकाली की स्थापना की गई है।

मातृशक्ति के साथ राज्य सभा सांसद ने किया गरबा, कॉलोनीवासियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की रिवर व्यू कॉलोनी में रिवरव्यू कल्चरल फाउंडेशन सोसायटी द्वारा भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापना के उपलक्ष्य में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा महिला मंडल द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम में मातृशक्ति के साथ गरबा कर उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर सांसद माया नारोलिया ने समिति की अध्यक्ष



प्रीति खरे सहित सभी पदाधिकारियों एवं कॉलोनीवासियों को आयोजन के लिए बधाई दी। अपने उद्बोधन में सांसद माया नारोलिया ने कहा, "विशेष रूप से प्रीति खरे के आग्रह पर मुझे रिवर व्यू कॉलोनी में आकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैं सभी कॉलोनीवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।उन्होंने समिति द्वारा आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में रिवरव्यू कल्चरल फाउंडेशन सोसायटी की अध्यक्ष प्रीति खरे, उपाध्यक्ष शिवशंकर पगारे, कोषाध्यक्ष पूर्णिमा त्रिपाठी, सहसचिव सुनील गुर्जर सहित अनुजा मालवीय, सारिता लुटारे, रागिनी नामदेव आदि शामिल रहीं।

नर्मदा कॉलेज में शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण पर संवाद आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के समापन अवसर पर शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शिशु मृत्यु दर, बच्चों की देखभाल एवं पोषण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. रवि उपाध्याय ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को विशेष देखभाल एवं पोषण की आवश्यकता होती है। जन्म से ही उचित पोषण मिलने पर बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है। युवक रेडक्रॉस एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

ब्राह्मण महिला संगठन का दो दिवसीय गरबा महोत्सव संपन्न

परशुराम भवन में महिलाओं ने दीं रंगारंग प्रस्तुतियां पारंपरिक वेशभूषा में किया गरबा, मनाया नवरात्रोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा परशुराम भवन में दो दिवसीय गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में समाज की महिलाओं ने पूरे उत्साह और पारंपरिक वेशभूषा में सहभागिता की। रंग-बिरंगे परिधानों, आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों और सामूहिक गरबा से पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंग गया। आयोजन में भक्ति, संस्कृति और महिला एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत ग्रुप डांस रहे। इन प्रस्तुतियों में राजस्थान, गुजरात और बंगाल की समृद्ध लोकसंस्कृति की मनमोहक झलक दिखाई दी।



आकर्षक वेशभूषा, नृत्य मुद्राओं और शानदार तालमेल ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। महिलाओं ने सामूहिक गरबा में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं की प्रतिभा और उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट मेकअप और बेस्ट डांस श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं का निर्णयन निधि शर्मा एवं परल तिवारी ने किया। प्रतिभागियों की वेशभूषा, साज-सज्जा और नृत्य कौशल के आधार पर निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ भी आकर्षण का केंद्र रहा।

दोनों दिन महिलाओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन पूनम तिवारी ने किया। महोत्सव के माध्यम से महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। साथ ही आपसी प्रेम, सौहार्द, सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक एकता को भी मजबूती मिली। संगठन के संरक्षक मंडल में कल्पना शर्मा, इंद्रा तिवारी, साधना दुबे, नीरू मिश्रा, वंदना ओझा, ज्योति शर्मा और कुसुम तिवारी शामिल हैं।

संगठन की अध्यक्ष रेखा दुबे हैं। सचिव के रूप में पूनम तिवारी और अर्चना शर्मा जिम्मेदारी निभा रही हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में बीना तिवारी, हेमा पुरोहित, मोना अवस्थी, रचना मिश्रा, निधि शर्मा, पूजा तिवारी, आभा शर्मा, अभिलाषा तिवारी, रानी उपाध्याय, मंजुला तिवारी और प्रीति उपाध्याय शामिल हैं।

संभागीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी के तत्वावधान में श्रीमंत राजमाता विजया राजे सिंधिया खेल प्रांगण में संभाग स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्मदापुरम, सीहोर, भोपाल, राजगढ़ एवं रायसेन की पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, समन्वय और मानसिक दृढ़ता विकसित करते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एस. मेहरा ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। फाइनल मुकाबले में भोपाल की टीम ने नर्मदापुरम को हराकर विजेता का खिताब जीता, जबकि नर्मदापुरम की टीम उपविजेता रही। भोपाल की औनिका को श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्रदान किया गया।

खबर संक्षेप

गणेश पप्पू यादव ने स्कूल को दिया ब्लैक बोर्ड



भौंरा। शासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शनिवार को भाजपा जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा, बैतूल गणेश पप्पू यादव ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय झापड़ी को ब्लैक बोर्ड प्रदान किया। उनके इस सहयोग से विद्यालय में अध्ययनरत 30 विद्यार्थियों को पढ़ाई में सुविधा मिलेगी। विद्यालय के प्रधान पाठक प्रदीप भलावी ने बताया कि ब्लैक बोर्ड शिक्षण कार्य का महत्वपूर्ण साधन है। इसके माध्यम से बच्चों को विभिन्न विषयों के पाठ, सवाल और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां लिखकर आसानी से समझाई जा सकती हैं। इससे शिक्षकों को पढ़ाने में सुविधा मिलेगी और बच्चों को विषय समझने में मदद मिलेगी। गणेश पप्पू यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर शासकीय विद्यालय की आवश्यकता पूरी करने की पहल की। शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत जनभागीदारी से स्कूलों में आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में सहायक हो सकते हैं। प्रधान पाठक प्रदीप भलावी ने ब्लैक बोर्ड उपलब्ध कराने के लिए गणेश पप्पू यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल में मनाया डांडिया धूम उत्सव

बैतूल। माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल, बैतूल में शनिवार को डांडिया धूम-नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और डांडिया नृत्य किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री अग्रसेन महाराज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर अनिल राठौर, डॉ. ओ.पी. राठौर और रिशांक राठौर ने दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ किया। इस दौरान बच्चियों ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का रूप धारण किया। मां काली और भगवान शिव के प्रसंग पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी दी गई। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने मां दुर्गा का स्वरूप सजाया। कन्या पूजन और महाआरती के बाद डांडिया नृत्य हुआ, जिसमें बच्चों के साथ शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया।

विशाल भंडारा संपन्न सैकड़ों भक्तों ने लिया प्रसादी लाभ

बैतूल। नवरात्रि का पावन पर्व 11 से 20 अक्टूबर तक चल रहा है। इस मौके पर शहर में अनेकों स्थानों पर मां की प्रतिमाएं स्थापित कर आराधना की जा रही है। श्री सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति राजेन्द्र वार्ड के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार सिंह पर सवार मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमा की स्थापना की गई है। रविवार यज्ञ पश्चात दोपहर 1 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने किया प्रसादी लाभ लिया। श्री मिश्रा ने सभी से दर्शन लाभ लेने का आग्रह किया है।

पाइप लाइन और इंटकवेल पर खर्च होंगे 48 करोड़ रुपए

नगरपालिका ने ताप्ती बैराज से दूसरी पाइपलाइन बिछाने बनाई योजना, शासन को भेजी डीपीआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

शहर की पेयजल सप्लाई व्यवस्था को मजबूत करने हेतु ताप्ती बैराज से बैतूल तक समानांतर पाइपलाइन बिछाने के लिए और एक अतिरिक्त इंटकवेल का निर्माण करने की योजना नपा बैतूल द्वारा बनाई गई है। इस परियोजना के एस्टीमेट की अनुमानित लागत लगभग 48 करोड़ रुपये है। इसमें 24 किमी लंबी पाइप लाइन बिछेगी और एक नया इंटेकवेल भी बनाया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार ताप्ती बैराज से बैतूल तक पाइप लाइन बिछाई जायेगी। बताया जा रहा है कि शहर में जल वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अतिरिक्त डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन बिछानी पड़ रही है। परियोजना की लागत अधिक होने के पीछे बड़ा कारण इसका तकनीकी और भौगोलिक रूप से जटिल होना भी बताया जा रहा है। वर्तमान में नगरपालिका जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के डैम से पेयजल के लिए पानी प्राप्त कर रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी नहीं है। लोकल एग्रीमेंट पर डब्ल्यूडीआर नपा को पेयजल हेतु पानी उपलब्ध करा रहा हैं, लेकिन आने वाले वर्षों में ड्रिप इरिगेशन योजनाओं के विस्तार होने से डैम का पानी सिंचाई के लिए प्राथमिकता से उपयोग किया जाएगा। ऐसी स्थिति में नगरपालिका को पेयजल के लिए मिलने वाला पानी प्रभावित हो सकता है।

रोजाना 18.50 एमएलडी पानी की जरूरत, आ रहा सिर्फ 8 एमएलडी पानी

खेड़ी स्थित ताप्ती नदी पर बने बैराज से बैतूल फिल्टर प्लांट तक पानी लाया जा रहा है। यहां से पानी को फिल्टर कर शहर में सप्लाई किया जाता है। समस्या यह है कि अभी शहर की जरुरत रोजाना 18.50 एमएलडी (मिलियन लीटर डेली) पानी की है, लेकिन इस पाइप लाइन से रोजाना 8 एमएलडी पानी ही आ रहा है। इससे रोजाना पर्याप्त पानी शहरवासियों को नहीं मिल पा रहा है। यही कारण है कि इस पाइप लाइन के समानांतर एक और पाइप लाइन बिछाने की योजना है। नपा अधिकारियों के मुताबिक पिछले दिनों ताप्ती बैराज का निरीक्षण कर ज्यादा पानी शहर तक लाने की संभावनाएं तलाशी गई थी। इसमें यह विकल्प सामने आया था कि यदि एक और पाइप लाइन बिछा दी जाए तो दोगुनी मात्रा में पानी लाया जा सकता है। गौरतलब है कि वर्तमान में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, उसकी चौड़ाई 400 एमएम ही है, जबकि नये डीपीआर में दुगनी चौड़ाई की, 800 एमएम चौड़ाई की पाइप लाइन बिछाई जाने की योजना है। जिससे वर्तमान की तुलना में दुगुनी मात्रा में पानी की सप्लाई हो सकेगी।



शहर में एक दिन के अंतराल में पानी सप्लाई

अभी वर्तमान में शहर में एक दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं आने से फिल्टर प्लांट की पूरी क्षमता का उपयोग ही नहीं हो पा रहा है। फिल्टर प्लांट की क्षमता 23 लाख लीटर पानी प्रतिदिन फिल्टर करने की है, लेकिन ताप्ती बैराज से अभी 8 एमएलडी पानी ही आ पाता है। यदि एक और समानानांतर पाइप लाइन बिछ जाती है तो 16 एमएलडी पानी आ सकता है और यह पूरा-पूरा फिल्टर करके सप्लाई किया जा सकता है। अभी 8 एमएलडी पानी आने के कारण एक नई टंकी को बनने के बाद से अभी तक नहीं भरी जा सकी है। इसके अलावा 4 और नई टंकियों का निर्माण भी हो रहा है। नगरपालिका के पास फिल्टर तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण ही यह सारी स्थिति बन रही है।

पाइप लाइन बिछाने हेतु विभागों से एनओसी लेना जटिल प्रक्रिया

दूसरी पाइप लाइन बिछाने के दौरान बैतूल-इंदौर फोरलेन, माचना ब्रिज, रेलवे लाइन सहित कई पुल पुलियाओं को पार करना पड़ेगा। इन स्थानों पर कार्य करने संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लेना अनिवार्य होगा, जो एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है। इससे परियोजना के क्रियान्वयन में समय और लागत दोनों बढने की संभावना है। हालांकि दूसरी पाइप लाइन बिछ जाने से पानी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएंगी, क्योंकि अभी एक ही पाइप लाइन से 8 एमएलडी पानी बैतूल पहुंच रहा है। जब दूसरी पाइप लाइन बिछ जायेगी, तो दोगुनी मात्रा में यहां पानी लाया जा सकेगा। जिससे उम्मीद है कि शहरवासियों रोजाना पानी उपलब्ध होगा।

अनुमानित 48 करोड़ रुपये का है एस्टीमेट

इस प्रोजेक्ट के लिए अनुमानित 48 करोड़ रुपये की जरुरत है। इसके लिए शासन से यूसीएफ से 50 प्रतिशत यानी 24 करोड़ रुपये की राशि मांगी गई है। यह राशि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाती है। यह निर्णय शासन स्तर से लिया जाएगा कि इस प्रोजेक्ट को यूसीएफ में शामिल किया जाता है या नहीं। यदि यूसीएफ में शामिल नहीं किया जाता है तो मुश्किल बढ़ सकती है। इसके अलावा नपा ने 10 करोड़ रुपये की राशि खनिज मद से मांगी है और शेष 14 करोड़ रुपये के लिए नपा लोन लेने की प्रक्रिया कर रही है। फिलहाल ताप्ती बैराज के टूटे हुए हिस्से को ठीक करना होगा। जिसके बाद ही यहां पर्याप्त मात्रा में पानी रोका जा सकता है।

इनका कहना है

ताप्ती बैराज से बैतूल तक समानांतर पाइप लाइन बिछाने और एक अतिरिक्त इंटकवेल निर्माण की योजना है। वर्तमान में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, उसकी चौड़ाई 400 एमएम ही है, जबकि नये डीपीआर में दुगनी चौड़ाई की, 800 एमएम चौड़ाई की पाइप लाइन बिछाई जाने की योजना है। जिससे वर्तमान की तुलना में दुगुनी मात्रा में पानी की सप्लाई हो सकेगी। इसके लिए 48 करोड़ का डीपीआर बनाकर शासन को भेजा है। स्वीकृति के बाद ही अग्रिम प्रक्रिया पर कार्य किया जायेगा।

- राहुल शर्मा, सब इंजीनियर
प्रभारी जल शाखा, नगरपालिका बैतूल



सीएमएचओ ने ली समीक्षा बैठक

बैतूल। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने 17 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेड़ी सांवलीगढ़ में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की कर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रसव केन्द्र एवं अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त स्टाफ अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ प्रांजल उपाध्याय ने शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण करने एवं युवीन पोर्टल शतप्रतिशत एंट्री करने के निर्देश दिए, जिन उप स्वास्थ्य केंद्रों एंट्री कम है उन्हें एक सप्ताह में एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी सेहरा, भैंसदेही, बीपीएम, बीसीएम, सेक्टर चुनलोमा के कार्यकर्ता, सेक्टर रोडा, बोरगांव कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

श्रीराम मंदिर के गुम्बद का जीर्णोद्धार

बैतूल। कोठीबाजार में थाना रोड पर स्थित श्रीराम मंदिर के गुम्बद का ट्रस्ट द्वारा जीर्णोद्धार करवाया गया है। श्रीराम मंदिर, श्री शिव मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री छोटे राम मंदिर, पार्वती भवन एकीकृत ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि ट्रस्ट ने मंदिर के गुम्बद के जीर्णोद्धार करने को लेकर बैठक में निर्णय लिया था इसके बाद निर्माण कार्य कराया गया है। अब यह मंदिर सुंदर लगने लगा है। इसी तरह से परिसर में ही हनुमान मंदिर के भी गुम्बद का कायाकल्प किया गया है।

चौपाल लगाकर समस्याएं सुनीं

सीईओ डॉ.मीणा ने बाकुंड जनपद पंचायत क्षेत्र का किया निरीक्षण



बैतूल। कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार सीईओ डॉ. प्रमोद कुमार मीणा ने बाकुंड जनपद पंचायत क्षेत्र का निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वनग्राम जुवाझर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं मांगों को सुना।

इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में चौपाल भवन निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों की मांग पर सीईओ ने पंचायत को चौपाल भवन निर्माण संबंधी प्रस्ताव जीपीडीपी में शामिल कराने के निर्देश दिए, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने वन अधिकार पट्टों से संबंधित समस्या भी उनके समक्ष रखी। ग्रामीणों ने 38 वन अधिकार पट्टों के संबंध में शिकायत करते हुए निराकरण की मांग की। इस पर सीईओ डॉ. मीणा ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की जानकारी लेकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। इसके पश्चात सीईओ ने क्षेत्र में कराए गए बोरी बंधान कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की स्थिति का जायजा लेते हुए मौके पर उपलब्ध जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने डेम का भी निरीक्षण किया और जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की स्थिति देखी।निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली गई। साथ ही पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सेवा भारती बैतूल का कन्या पूजन कार्यक्रम संपन्न, कुल 2100 कन्याओं का हुआ पूजन

15 दानदाताओं ने लिया संस्कार केंद्रों के सहयोग का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सेवा भारती द्वारा नगर की सेवा बस्तियों में विगत छह दिनों से संचालित सभी संस्कार केंद्रों पर कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। इसी तारतम्य में रविवार अंतिम कार्यक्रम वीर सावरकर बस्ती, हमलापुर में संपन्न हुआ। जिसमें 151 कन्याओं का पूजन किया गया।

इस अभियान के अंतर्गत कुल 2100 कन्याओं का पूजन कर भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम नगर अध्यक्ष गजेंद्र पवार ने बताया कि कन्या पूजन कार्यक्रमों में समाजजनों को आमंत्रित किया गया था। संस्कार केंद्रों में आने वाले बच्चों और सेवा भारती के सेवा कार्यों से प्रभावित होकर समाज के लोगों ने सहयोग के लिए आगे आते हुए नगर में संचालित सभी 12 संस्कार केंद्रों के लिए दानदाता उपलब्ध कराए हैं। कुल 15 दानदाताओं ने इन केंद्रों के लिए सहयोग देने का संकल्प लिया है। इससे संस्कार केंद्रों के संचालन को निरंतर सहयोग मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कन्या पूजन कार्यक्रमों की सफलता से संस्कार केंद्रों का संचालन करने वाली मातृशक्ति का उत्साह भी बढ़ा है। समाज की सहभागिता से सेवा कार्यों को नई ऊर्जा मिली है और संस्कार केंद्रों के माध्यम से बच्चों को संस्कार एवं शिक्षा से जोडने के प्रयासों को मजबूती मिली है। समिति के जिला सचिव डॉ.अरुण जयसिंहपुरे ने कहा कि सेवा भारती समाज कल्याण के कार्यों में निरंतर अग्रसर रहेगी तथा संस्था द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों का लगातार विस्तार किया जाएगा। समाज के सहयोग से सेवा भारती का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक सेवा, संस्कार और समरसता का संदेश पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा भारती जिला अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, जिला सचिव अरुण जयसिंहपुर, विभाग सह सेवा प्रमुख अभिषेक खंडेलवाल, सेवा भारती सदस्य वीरेंद्र पालीवाल, शीलेंद्र विहारे, संतोष भलाभी पार्षद, विवेक शर्मा प्रबंधक मातृ छाया एवं वीर सावरकर बस्ती के सभी कार्यकर्ता शामिल हुए।

रामलीला मंचन का सातवां दिन

भक्ति के बंधन में बंधे भगवान जूठे बेर खाकर दी नवधा भक्ति



मैंसदेही। रामलीला मंचन के सातवें दिन भक्ति और श्रद्धा के अटूट बंधन के रूप में शबरी प्रसंग और बाली-सुग्रीव प्रसंग का सुंदर मंचन किया गया। प्रथम दृश्य में शबरी की श्रद्धा और भक्ति का भावपूर्ण मंचन हुआ। शबरी अपनी कुटिया में प्रभु श्रीराम के आने का इंतजार कर रही है, क्योंकि उसके गुरु मातंग ऋषि ने बताया था कि एक दिन यहां प्रभु श्रीराम आएंगे। तभी से शबरी पलक-पांवड़े बिछाए बैठी है। श्रीराम सीता की खोज में शबरी की कुटिया पर पहुंचते हैं। शबरी फूलों से उनका स्वागत करती है और खुद बेर चख-चख कर श्रीराम को खिलाती है। श्रीराम बड़े भाव से शबरी के जूठे बेर खाते हैं। यही दर्शाता है कि भगवान भाव के भूखे होते हैं, दिखावे के नहीं। यही शबरी के प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रसन्न होकर श्रीराम शबरी को नवधा भक्ति प्रदान करते हैं, जो हर किसी को प्राप्त नहीं होती। इसके बाद श्रीराम के पम्पापुर की ओर प्रस्थान करते ही शबरी अपने प्राण त्याग देती है। दूसरे दृश्य में श्रीराम-लक्ष्मण की भेंट हनुमान जी से होती है। हनुमान जी राम और सुग्रीव की मित्रता कराते हैं। सुग्रीव श्रीराम को अपने भाई बाली द्वारा किए गए अत्याचार की कथा सुनाता है। श्रीराम बाली के वध का प्रण लेते हैं और छिपकर बाली का वध करते हैं। बाली कहता है कि सुग्रीव आपका प्यारा और मैं शत्रु, फिर आपने मुझे क्यों मारा? हमारी तो कोई दुश्मनी नहीं थी। तब श्रीराम समझाते हैं कि छोटे भाई की पत्नी को अपने पास रखना पाप है। तब बाली भगवान को पहचान कर अपने पुत्र अंगद को श्रीराम के चरणों में सौंप देता है। इसके बाद सुग्रीव हनुमान को माता सीता का पता लगाने के लिए भेजते हैं। बाली-सुग्रीव युद्ध का दृश्य इतना सजीव था कि दर्शकों को लगा मानो वे साक्षात युद्ध देख रहे हों। रामलीला में शबरी का अभिनय श्रीराम बारस्कर, हनुमान का अतुल ठाकुर, बाली का शुभम तिवारी और सुग्रीव का राहुल पाटनकर ने बहुत ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया।

कोटा-हादसे में जान गंवाने वाले 7 का अंतिम संस्कार

पिता-पुत्री और दंपती की एक साथ जलीं चिताएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कोटा के पास हुए सडक़ हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। रविवार को मृतकों के शव गृहग्राम पहुंचे तो गांवों में शोक छा गया। ग्राम घाट बिरोली, खेड़ी रामोसी, सिरखेड़ और सर्रा में गमगीन माहौल के बीच अंतिम संस्कार किए गए। खेड़ी रामोसी में पिता-पुत्री और सिरखेड़ में पति-पत्नी की चिताएं एक साथ जलीं। सरकारी शिक्षिका अरुणा झड़बड़े का शव रविवार को ग्राम घाट बिरोली पहुंचा। परिजनों और ग्रामीणों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनकी असमय मौत से परिवार और परिचितों में गहरा दुख है। त्रिशा घोडक़ी अपने पिता कृष्णराव के साथ धार्मिक यात्रा पर गई थीं। हादसे में दोनों की मौत हो गई। रविवार को उनके शव खेड़ी रामोसी लाए गए, जहां पिता-पुत्री का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। कृष्णराव सोसायटी में सेल्समैन के रूप में काम करते थे। दोनों की एक साथ विदाई ने परिवार और ग्रामीणों को भावुक कर दिया। राजकुमार उर्फ राजू बोडख़े भोपाल में पेट्रोल पंप पर काम करते थे। हादसे में उनकी पत्नी अनीता की भी जान चली गई। दोनों के शव सिरखेड़ पहुंचे तो परिवार में कोहराम मच गया। पति-पत्नी का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। ओम सूर्यवंशी भोपाल से एमटेक की इंटर्नशिप कर रहे थे। परिवार को उनसे भविष्य को लेकर कई उम्मीदें थीं, लेकिन हादसे ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। रविवार को उनका शव ग्राम सर्रा पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। दरअसल, राजस्थान के कोटा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह करीब 6 बजे हादसा हुआ। भोपाल से खाटूश्यामजी जा रही टेम्पो ट्रैवलर करा?यिा टोल के पास पुलिया से करीब 15 फीट नीचे गिर गई थी। हादसे में मध्य प्रदेश के 8 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 7 बैतूल जिले के मुलताई और एक भोपाल का रहने वाला था। 17 यात्री घायल हुए थे। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू में देरी हुई। ग्रामीणों के मुताबिक, कई शव सीटों के बीच फंसे थे, जिन्हें मुश्किल से बाहर निकाला गया। घायलों को निकालने के लिए वाहन की खिड़कियां तोड़ी गईं। पुलिस को आशंका है कि ड्राइवर को झपकी आने से हादसा हुआ।

जिले के शक्तिपीठों और प्रज्ञा पीठों पर आज होगा गायत्री यज्ञ

बैतूल। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर बैतूल जिले के सभी शक्तिपीठों, प्रज्ञापीठों और नवचेतना केंद्रों पर शारदीय नवरात्रि के तहत 11 से 19 अक्टूबर तक नौ दिवसीय गायत्री मंत्र जप, अनुष्ठान, मंत्र लेखन और सामूहिक साधना का आयोजन किया गया। जिला समन्वय समिति बैतूल के जिला समन्वयक रविशंकर पारखे एवं सह समन्वयक राजकुमार पालीवाल ने बताया कि 19 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से गायत्री यज्ञ आयोजित किए जाएंगे।

आपदा मित्रों को अग्नि सुरक्षा व सर्पदंश से बचाव का प्रशिक्षण दिया



बैतूल। मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग एवं मध्यप्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार होमगार्ड लाइन सोनाघाटी कैंप में आयोजित सात दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस 125 आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।यह प्रशिक्षण 16 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कंपनी कमांडर सुनीता पंद्रे ने अग्नि सुरक्षा, फायर एक्सटिंग्विशर अग्निशामक यंत्र के उपयोग तथा उसे चलाने का व्यावहारिक अभ्यास कराया। साथ ही सर्पदंश की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, क्या करें और क्या न करें, के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सीसी शिवराज चौधरी, नर्मदापुरम द्वारा अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल कराई गई।

किशोरी की सड़क हादसे में मौत

अनाथ किशोरी की मौत, समिति ने निभाया आखिरी फर्ज, कराया अंतिम संस्कार



बैतूल। सडक़ हादसे में जान गंवाने वाली करीब 16 वर्षीय किशोरी का कोई परिजन अंतिम संस्कार के लिए नहीं मिला तो बाल कल्याण समिति ने उसकी जिम्मेदारी निभाई। गौठाना स्थित बालिका गृह में रह रही किशोरी ईसाई धर्म को मानती थी, इसलिए समिति और महिला एवं बाल विकास विभाग ने ईसाई रीति-रिवाज से उसका अंतिम संस्कार कराया। परिजनों का पता नहीं चलने के बावजूद उसकी धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए यह पहल की गई। किशोरी ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा संचालित बालिका गृह में छिंदवाड़ा बाल कल्याण समिति के आदेश पर रह रही थी। इससे पहले वह इटारसी के बालिका गृह में थी। वहां बालिका गृह बंद होने के बाद उसे बैतूल भेज दिया गया था। वह करीब 3 से 4 साल से यहां रह रही थी। उसके परिवार के छिंदवाड़ा जिले के चांदामेटा क्षेत्र में रहने की जानकारी मिली थी, लेकिन उसके पिता और अन्य परिजनों का पता नहीं चल पाया। हाल ही में स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते किशोरी बालिका गृह की अधीक्षिका के साथ जिला अस्पताल गई थी। वहां से लौटते समय रानीपुर रोड पर एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल किशोरी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बाइक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

समिति ने धार्मिक मान्यता का रखा सम्मान

बाल कल्याण समिति बैतूल के अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि किशोरी बालिका गृह में आश्रित थी। परिजनों का पता नहीं चल पाने के कारण समिति और महिला एवं बाल विकास विभाग ने उसके अंतिम संस्कार की व्यवस्था की। किशोरी ईसाई धर्म की अनुयायी थी, इसलिए अंतिम संस्कार उसी धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार कराया गया। अभिषेक जैन ने कहा कि बाल कल्याण समिति के पास सभी जाति और पंथ के बच्चे आते हैं। प्रत्येक बच्चे की धार्मिक मान्यता का सम्मान किया जाना चाहिए। बच्चा जिस धर्म को मानता है, उसका अंतिम संस्कार भी उसी धर्म के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जाति-पंथ अलग हो सकते हैं, लेकिन स्नेह और मानवीय संवेदना का सूत्र एक है।

हनुमान जी ने लंका में माता जानकी की लगाई खोज, लंका दहन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शनिवार को रामलीला मंच पर श्रीराम-हनुमान भेंट, श्रीराम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध, माता जानकी की खोज में वानरों का जाना, लंका में माता जानकी-श्री हनुमान जी संवाद एवं द्वारा लंका दहन की लीलाओं का मंचन किया गया। दिवस अतिथि रूप में समिति मार्गदर्शक विजय अग्रवाल व कृष्णा पालीवाल, गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल, समाजसेवी अभय खंडेलवाल, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, हेमंत पालीवाल, मनोज अग्रवाल, सरस्वती शिशु मंदिर आचार्य पं. प्रदीप देवलिया, पत्रकार ओमप्रकाश पटवा, भाजपा मंडल से अध्यक्ष अश्विनी सरोज, प्रतिनिधि विजय छाबड़िया, कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी व मंत्री प्रशांत मालवीय, युवा व्यापारी गौरव जैन, कांग्रेस नगरीय निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित, पार्षद गौरव पालीवाल, कांग्रेस नेता प्रखर शर्मा, अर्पित तिवारी एवं सचिन श्रोती, पवन वर्मा, अधिवक्ता नितिन वर्मा, विशाल गोलानी उपस्थित रहे। लीला मंचन एवं सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी में शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र राजपूत, प्रशांत सोनी, शरद चौरसिया, आनंद साहू, राकेश गोस्वामी, कपिल सोनी आदि का सहयोग प्राप्त हो रहा है। 'सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी' आयोजन पर गृहस्थ संत पं. प्रकाश मुदगल एवं श्रीराम नाट्य समिति संरक्षक पं. कैलाश परसाई ने कहा कि बच्चों में सनातनी जागरूकता बढ़ रही है।

सनातन ज्ञान प्रश्नोत्तरी को मिलती अच्छी प्रतिक्रियाएं, वरिष्ठजन खुश



किया रावणसुत का वध



लंका स्थित अशोक वाटिका में माता जानकी को खोजकर क्षुधा मिटाने पहुंचे महावीर हनुमंत लाल ने राक्षसों को मारपीट कर भगाया। एक वानर द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ने की सूचना पर अक्षय कुमार राक्षसों सहित हनुमंत लाल को पकड़ने पहुंचे। तो हनुमंत लाल ने उसका वध कर दिया। बाद की लीला में मेघनाथ ब्रम्हपाश से हनुमंत लाल को बांधकर रावण दरबार लाए। दरबार में लंकापति रावण-हनुमंत लाल जी संवाद हुआ। जिसके बाद लंका दहन की लीला प्रस्तुत की गई। माता सीता से चूड़ामणि लेकर हनुमान जी श्रीराम जी के पास पहुंचे। इसके साथ ही दिवस की लीला संपन्न हुई। सभी पात्रों ने अद्भुत अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया।

खबर संक्षेप

लोटस क्लब अध्यक्ष बने अधिवक्ता माहेश्वरी



सोहागपुर। लोटस क्लब सोहागपुर एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था है। जिसके द्वारा प्रतिवर्ष दशहरा पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष लोटस क्लब के अध्यक्ष पद का दायित्व पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी को दिया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष जयप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह के मार्गदर्शन में लोटस क्लब द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर 2026 शनिवार रात आठ बजे से संदीपनि एसजेएल हाईस्कूल ग्राउंड पर देवी जागरण एवं आर्केस्ट्रा कार्यक्रम किया जाएगा।

माताजी की चुनरी यात्रा व नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर का किया भव्य स्वागत

सोहोर। नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में निकाली गई माता जी की चुनरी यात्रा का अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले के नेतृत्व में कोतवाली चौराहे पर मंच बनाकर परिषद द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

सोहागपुर को मिलेगी संजीवनी क्लिनिक सुविधा, बीएमओ ने किया भवन का निरीक्षण

27 लाख रुपए की लागत से बनाया जा रहा भवन, चिकित्सकों की होगी नियुक्ति

सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर तथा मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नेहा वर्मा ने निर्माण ठेकेदार यशवंत जवार के साथ निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया है। इस दौरान बीएमओं ने हरिभूमि से चर्चा की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर शीघ्र ही संजीवनी क्लिनिक सेंटर की सौगात प्रारंभ होगी। जिससे आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र में सुविधा विस्तार होगा। इसके लिए पुराने अस्पताल भवन के पीछे एक नया भवन बनाया जा रहा है।

गत दिनों सोहागपुर बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर तथा मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नेहा वर्मा ने निर्माण ठेकेदार यशवंत जवार के साथ निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया है। बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने चर्चा में बताया कि 27 लाख रुपए की लागत से आठ कक्षों वाला नया भवन बनाया जा रहा है। यह भवन गांधी वार्ड के सामने राजेंद्र वार्ड वाले क्षेत्र में स्थित पुराने अस्पताल भवन के पीछे एवं शासकीय कन्या शाला भवन के सामने बनाया जा रहा है। इस भवन में एक ओपीडी भी होगी, जहां आयुष चिकित्सक मरीजों को देखेंगे। भवन में फिलहाल कुछ कमियां रह गई हैं। जिन्हें दूरकर जल्द भवन पूर्ण करने के निर्देश बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने निर्माण ठेकेदार को दिए हैं।

होगी चिकित्सकों की नियुक्ति

हरिभूमि से चर्चा में बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि शीघ्र ही आयुर्वेदिक क्षेत्र में कार्य करने वाले आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति भी होगी। जिनके जिम्मे पर नए संजीवनी चिकित्सालय एवं क्लिनिक सेंटर की व्यवस्था होगी। आयुष चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति किए जाने की संभावना बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने जताई। इसके पूर्व भवन निर्माण भी संपन्न होगा। जिससे संजीवनी चिकित्सालय एवं क्लिनिक सेंटर शुरू होगा। संजीवनी क्लिनिक सेंटर के माध्यम से मरीजों को आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलेगी। चिकित्सकों ने बताया कि कई मरीजों को एलोपैथिक दवाईयों से रिएक्शन होते हैं। जिनके लिए आयुर्वेदिक दवाएं कारगर सिद्ध हो सकती हैं।

विधायक कर रहे प्रयास

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह के प्रयासों से लगातार सोहागपुर क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था में बढ़त होती जा रही है। सरोज के अनुसार शीघ्र ही सोहागपुर में करोड़ों रुपये लागत से सिविल अस्पताल भवन निर्माण भी पूर्ण होगा। जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह ने सतत प्रयास किए थे। और अब संजीवनी क्लिनिक सेंटर की सुविधा भी सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर क्षेत्रवासियों को प्राप्त होगी। बीएमओ डॉक्टर रेखा सिंह गौर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर द्वारा भी भवन का निरीक्षण किया गया है। अब उक्त केंद्र स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा।

पिपरिया में गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल

इतवारा बाजार में 56 फीट ऊंचे पुतले का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी पिपरिया के पचमढ़ी रोड स्थित इतवारा बाजार दशहरा मैदान में सार्वजनिक रूप से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना की गई है, और दशहरा पर्व को लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत यहां का आपसी भाईचारा और दशकों पुरानी परंपरा है।

समिति के अनुसार, आगामी 20 अक्टूबर 2026 को रात्रि 9:00 बजे 'अधर्म पर धर्म और सत्य की विजय' के शंखनाद के साथ भगवान राम, लक्ष्मण और हनुमान की एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात भगवान श्रीराम के स्वरूप द्वारा रावण दहन किया जाएगा।रावण दहन के तुरंत बाद दो दिवसीय विशाल रामसत्ता का शुभारंभ होगा, जो लगातार दो दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विभिन्न मंडलों को पुरस्कृत कर ईनाम व प्रसाद वितरित किया जाएगा।

समिति के बलराम ठाकुर ने जानकारी दी कि इस बार परंपरा को और भव्य बनाते हुए लगभग 56 फीट ऊंचे रावण और मेघनाद के पुतले तैयार किए गए हैं। पुतले बनकर लगभग तैयार हैं, केवल सिर जोड़ने का अंतिम कार्य शेष है।

प्रमुख सामग्री

इन विशाल पुतलों के निर्माण में 3 क्विंटल रद्दी, लगभग 101 बांस और अनगिनत पटाखों का उपयोग किया गया है। अब जबलपुर व अन्य जगहों के कुशल कलाकारों द्वारा पुतलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

70 वर्षों से अटूट है सौहार्द की डोर

पिपरिया के इस दशहरोत्सव की पहचान इसकी ऐतिहासिक गंगा-जमुनी तहजीब है। राजपूत समाज के गौरव कहे जाने वाले स्वर्गीय बलवीर सिंह राजपूत ने मुस्लिम समुदाय के सहयोगियों के साथ मिलकर इस परंपरा की नींव रखी थी। उस समय 21 फीट का पुतला बनता था, जो आज भव्य रूप ले चुका है।इस वर्ष भी शब्बा चाचा मुखिया के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो पिछले 70 वर्षों से लगातार इस आयोजन में अपना बहुमूल्य सहयोग देते आ रहे हैं।

जन-सहयोग और लोगों की आस्था

इस भव्य आयोजन से शहर के हर वर्ग की आस्था जुड़ी हुई है। पर्व के लिए 20 रुपए मात्र की सहयोग रसीद चलाई जा रही है, जिसमें नागरिकों का भरपूर उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है।

ब्रजकिशोर पठारिया चुने गए अभा कतिया के समाज ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विकासखंड में सामाजिक संगठन को मजबूती देने, युवाओं व समाज बंधुओं को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कतिया समाज के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आयोजित इस चुनाव में समाज के मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकासखंड स्तरीय अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में थे।

वर्तमान जिला पंचायत सदस्य ब्रजकिशोर पठारिया और राजेश कुमार गयारसे। निर्धारित मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कराया गया। ब्रजकिशोर पठारिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। वहीं प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी राजेश कुमार गयारसे को कुल 17 मत प्राप्त हुए।

ब्रजकिशोर पठारिया की विजय



की घोषणा होते ही समर्थकों और समाजजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

सामाजिक कार्यकर्ताओं, कतिया समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल-मालाएं पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से उम्मीद जताई जा रही है कि वे कतिया समाज को एकजुट कर विकास और जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा देंगे।

26 वर्षों से स्थापित हो रही मां काली की विशाल प्रतिमा, दर्शन के लिए दूर-दूर से पहुंचते हैं श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया नगरपालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत नया बस स्टैंड के पीछे स्थित मैदान में इस वर्ष भी मां काली की भव्य और विशालकाय प्रतिमा स्थापित की गई है। किसानों के कटकवार परिवार द्वारा पिछले 26 वर्षों से अधिक समय से लगातार इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है।

मशीनों के सहारे होती है स्थापना और विसर्जन

आयोजकों द्वारा मैदान में मां काली की अत्यधिक विशाल प्रतिमा स्थापित की जाती है। प्रतिमा का आकार इतना बड़ा होता है कि स्थापना के समय से लेकर जल विसर्जन तक सभी प्रक्रियाएं भारी मशीनों और क्रेन के सहारे ही पूरी की जाती हैं। हर वर्ष इस अद्भुत और विशाल रूप के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। साथ ही शहर में सलकपुर के लिए पैदल यात्री भी निकलते हैं।



मेले में उमड़ रही भीड़, लगा बड़े झूलों का जमावड़ा

प्रतिमा स्थापना स्थल से लगे बड़े परिसर में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विशाल मेले का आयोजन किया गया है। मेले में बड़े-बड़े झूले, स्टॉल और मनोरंजन के साधन लगाए गए हैं, जिससे शाम ढलते ही क्षेत्र में हजारों श्रद्धालुओं और दर्शकों का हुजूम उमड़ रहा है।

ध्वस्त हुई यातायात व्यवस्था, जनता परेशान

मेले में आने वाले वाहनों के दबाव और मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित आवाजाही के कारण नया बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह लग रहे जाम से स्थानीय निवासियों, यात्रियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासनिक उदासीनता पर उठ रहे सवाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार यातायात प्रभावित होने और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर निगरानी की जरूरत के बावजूद जिम्मेदार शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी बेखबर बने हुए हैं। आम जनता को हो रही असुविधा को लेकर प्रशासनिक अमले की उदासीनता से नागरिकों में नाराजगी व्याप्त है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि यातायात की बेहतर व्यवस्था बनाए ताकि भक्तों को परेशान न हो।

बोरखेड़ाकला की दीक्षा-निशा का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन, दूसरी बार करेंगी भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व

भैरूंदा। मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन मिले तो गांव की बेटियां भी सफलता की नई कहानी लिख सकती हैं। इसका उदाहरण भैरूंदा तहसील के ग्राम बोरखेड़ा कलां की दो होनहार खिलाड़ी दीक्षा पंवार और निशा पंवार हैं। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरखेड़ा कलां की छात्रा दीक्षा पंवार, पिता अमित पंवार और निशा पंवार, पिता रामकृष्ण पंवार का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के 19 वर्ष बालिका वर्ग में भोपाल संभाग की टीम के लिए हुआ है। ग्वालियर में 23 से 28 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सभी संभागों की टीमें हिस्सा लेंगी। दोनों खिलाड़ी लगातार दूसरी बार भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी इस उपलब्धि से गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दोनों बालिकाओं ने अपने प्रदर्शन से क्षेत्र के साथ अपने कोच योगेश पंवार का नाम भी रोशन किया है।

दीक्षा और निशा की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत के साथ कोच योगेश पंवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोच ने दोनों खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण देकर उनकी खेल प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया। सीमित संसाधनों और खेल सामग्री की



कमी के बावजूद उन्होंने बालिकाओं को अभ्यास के लिए प्रेरित किया और क्रिकेट की बारीकियां सिखाईं। नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और मेहनत के दम पर दोनों खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है। दोनों बालिकाएं प्रतिदिन चार से पांच घंटे मैदान पर अभ्यास करती हैं। कोच के मार्गदर्शन में वे अपनी कमियों को दूर कर खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए लगातार मेहनत कर रही हैं। उनका चयन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर देने की है। दोनों खिलाड़ियों ने पिछले वर्ष भी राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व किया था।

बुधनी पहुंचे हाईकोर्ट जज संतोष शर्मा नगरवासियों ने किया जोरदार स्वागत

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनने के बाद पहली बार गृह नगर आगमन, परिजनों और नागरिकों में उत्साह



बुधनी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, बिलासपुर में न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद बुधनी के निवासी संतोष शर्मा शनिवार को पहली बार अपने गृह नगर पहुंचे। उनके निज निवास पर पहुंचने पर परिजनों, मित्रों और नगरवासियों ने आत्मीय स्वागत कर उनका अभिनंदन किया। उनके आगमन से नगर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा।

जानकारी के अनुसार,संतोष शर्मा ने 10 सितंबर 2026 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण की इसके बाद शनिवार को वे नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया यहां से वे अपने गृह नगर बुधनी के लिए रवाना हुए निज निवास पहुंचने पर लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। संतोष शर्मा का छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में न्यायाधीश बनना बुधनी सहित पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है छोटे से नगर से निकलकर देश की न्यायिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण पद तक पहुंचना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है उनकी इस उपलब्धि से नगरवासियों में गर्व और प्रसन्नता का माहौल है स्वागत के दौरान उपस्थित जनों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल और न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान की कामना की।

न घटना दुर्घटना न कोई हादसा, बनी रही माता रानी जगदंबा की कृपा

15 वर्षों से पदयात्रियों की सेवा कर रहे सोनी परिवार भोजन, दवा और विश्राम तक की करते व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सलकनपुर स्थित मां विजयासन देवी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल यात्रा कर सलकनपुर पहुंचते हैं। इन श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नगर के समाजसेवी रितेश कुमार सोनी पिछले 15 वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन कर रहे हैं। नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस सेवा कार्य में पदयात्रियों को भोजन, स्वल्पाहार और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही पैदल यात्रा के दौरान थकान या पैरों में दर्द की परेशानी होने पर श्रद्धालुओं को दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। रितेश कुमार सोनी नवरात्रि के दौरान सलकनपुर जाने वाले



भक्तों की सेवा को अपना महत्वपूर्ण दायित्व मानते हैं। उनका प्रयास रहता है कि मां के दर्शन के लिए पैदल निकलने वाले श्रद्धालुओं को रास्ते में भोजन-पानी और आराम के लिए परेशान न होना पड़े। इसी उद्देश्य से वे हर साल नवरात्र के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था करते हैं। इस दौरान सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी कराई जाती है। व्रत रखने वाले भक्तों के लिए अलग से स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई है, ताकि उन्हें अपनी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खाद्य सामग्री मिल सके। इस वर्ष इंदौर मार्ग स्थित नवीन भवन नक्षत्र पैलेस में दूसरे वर्ष श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पंडाल लगाया गया है। यहां पदयात्रियों के लिए भोजन और स्वल्पाहार के साथ विश्राम करने की व्यवस्था भी की गई है। लंबी दूरी पैदल तय करने के कारण कई श्रद्धालुओं को थकान और पैरों में दर्द जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

खबर संक्षेप

बुजुर्ग ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरदा। जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के सोनतलाई गांव में 65 साल के एक बुजुर्ग ने शनिवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिवार को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक मंशाराम ओसले (65) अपने दो बेटों और पत्नी के साथ रहते थे। शनिवार सुबह घर के सभी लोग मजदूरी के लिए गए थे, जिसमें मंशाराम भी शामिल थे। दोपहर से पहले मंशाराम घर लौट आए और अंदर के कमरे में रस्सी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब उनके बेटे दोपहर में खाना खाने लौटे, तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने घर के कबेलू हटाकर देखा। तब उनके पिता फांसी के फंदे पर लटके नजर आए। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक की तीन बेटियां और दो बेटे हैं। फिलहाल, आत्महत्या की वजह पता नहीं चल पाई है।

जिले में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रो का आयोजन

सीहोर। जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 192 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 192 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में शून्य से 1 वर्ष तक के 664 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 308 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 112 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने दिए निर्देश

सीहोर। कलेक्टर ने आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती उपाय सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही सभी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पुलिस अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था की स्थिति पर सतत निगरानी रखें, ताकि जिले में सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। कलेक्टर बालागुरू के. ने विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले जुलूसों एवं चल समारोहों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जुलूस एवं चल समारोह के मार्ग, समय तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा समुचित तैयारी सुनिश्चित की जाए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों एवं पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाए। सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित रखें। कलेक्टर ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

21 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक आयोजित होंगे विशेष शिविर

सीहोर। भारत सरकार के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन योजनाओं के शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

दशहरा पर्व की तैयारियों का लिया जायजा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

कलेक्टर और एसपी ने प्रतिमा विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

दशहरा पर्व के मद्देनजर कलेक्टर कुमार सत्यम एवं पुलिस अधीक्षक शशांक ने रविवार को जिले के विभिन्न प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने हंडिया स्थित नर्मदा तट, हरदा के पेड़ी घाट तथा टिमरनी में राधाबाई की पुलिया के पास बनाए गए प्रतिमा विसर्जन कुंडों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर एवं एसपी ने विसर्जन कुंडों के आसपास बैरिकेडिंग, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, गोताखोरों की तैनाती तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विसर्जन स्थलों पर स्वयंसेवकों की तैनाती और प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने तीनों स्थलों पर नदी के तटों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। चल समारोह के दौरान ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने तथा हंडिया स्नान घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए बैरिकेडिंग सहित सुरक्षा के समुचित इंतजाम करने के निर्देश भी दिए गए।

दशहरा आयोजन स्थलों की व्यवस्थाएं भी देखीं

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने हरदा के नेहरू स्टेडियम और टिमरनी की कृषि उपज मंडी में दशहरा पर्व के आयोजन की तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने आयोजन स्थलों पर अग्निशमन वाहन (फायर ब्रिगेड) की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नागरिकों के लिए बेहतर बैठक व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान हरदा एसडीएम शैलेन्द्र बड़ोनिया, टिमरनी एसडीएम असवनराम चिरामन, संबंधित तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जांच में जुटी पुलिस

छोटी सिंधी कॉलोनी के एक घर से अवैध पटाखे जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रविवार दोपहर सिटी कोतवाली पुलिस ने सरस्वती शिशु मंदिर के पास छोटी सिंधी कॉलोनी के एक घर से अवैध पटाखे जब्त किए हैं। लाखों रुपये के ये पटाखे घनी आबादी वाले इलाके और स्कूल के पास मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस को घर के ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर अलग-अलग तरह के पटाखों के बक्से मिले। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर यह कार्रवाई की गई। यह घर सागर तलरेजा और उसके भाई का है। पुलिस ने पटाखों की लिस्टिंग कर उन्हें सुरक्षित जगह रखवाया।

कोतवाली टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि सागर के पास पटाखों के भंडारण का वैध लाइसेंस नहीं था, इसलिए उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। सागर तलरेजा ने बताया कि वह दीपावली पर बेचने के लिए पटाखे लाया था। एसपी शशांक ने जिले में अवैध पटाखों के भंडारण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि 6 फरवरी 2024 को बैरागढ़ की पटाखा फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में 13 लोगों की जान गई थी। जिस घर से पुलिस ने अवैध रूप से रखें पटाखों को जब्त किया है। वहां से पटाखों के खाली बॉक्स ओर रैपर भी मिले है। पुलिस ने अंदेशा जताया है कि बाहर से लाकर यहां पर कम्पनी और लोकल कम्पनियों के माल को मिक्स कर पैकिंग की जाकर बेचने की तैयारी थी। जिसके लेकर पटाखों के साथ साथ बड़ी मात्रा में खाली बॉक्स ओर रैपर भी मिले हैं।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रशासन अलर्ट एसडीएम ने लगाई कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

नवरात्रि के बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी शैलेन्द्र कुमार बड़ोनिया ने राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग पालियों में ड्यूटी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किया है।

इसके तहत विसर्जन स्थलों पर व्यवस्थाओं की निगरानी और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार, 20 और 21 अक्टूबर 2026 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। विसर्जन कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सुबह, दोपहर और रात की अलग-अलग पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि निर्धारित समय पर व्यवस्थाओं का संचालन हो सके। प्रशासन द्वारा रिद्धेश्वर घाट, नर्मदा मंदिर घाट, गंभीर घाट और करनपुरा घाट पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आदेश में संबंधित स्थलों पर निर्धारित समय के अनुसार कर्मचारियों को उपस्थित रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। गंभीर घाट और करनपुरा घाट पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का कार्य पूर्ण होने तक व्यवस्था बनाए रखने का उल्लेख भी आदेश में किया गया है।

लापरवाही पर होगी कार्रवाई

एसडीएम शैलेन्द्र कुमार बड़ोनिया ने आदेश में स्पष्ट किया है कि निर्धारित ड्यूटी के अनुसार कर्मचारियों को अपने तैनाती स्थल पर उपस्थित रहना होगा। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने तथा विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यों की निगरानी संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाएगी। प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना और श्रद्धालुओं को व्यवस्थित व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

ग्राम रुफाटा से मां भगवती मंदिर तक 611 मीटर चुनरी यात्रा निकाली



झिरन्या। शनिवार को ग्राम रुफाटा से मां भगवती मंदिर मारूगढ़ तक 611 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई। भीलट बाबा सेवा समिति के युवकों द्वारा अपने गांव और क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए यात्रा निकाली गई। यह यात्रा का चौथा वर्ष था, जिसका ग्रामीणों ने मार्ग में भव्य स्वागत किया। वहां के सरपंच संतोष ड़ावर सहित समिति के युवकों में अमित गोलकर,नारायण मंगरे, गोविंद गोलकर, राहुल जवारे, मनीष गोलकर, सुमित बारे, दीपक बारे पन्नालाल बावसकर ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

दावों के निराकरण में रुचि नहीं लेने पर जताई नाराजगी

वनाधिकार पट्टों में लापरवाही पर एसडीएम सख्त, पटवारी और सचिवों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

वनाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दावों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शैलेन्द्र कुमार बड़ोनिया ने संबंधित पटवारी और पंचायत सचिवों को नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने लंबित दावों के निराकरण में गंभीरता नहीं दिखाने पर नाराजगी जताते हुए सात दिन के भीतर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जारी नोटिस के अनुसार, 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत हरदा के सभाकक्ष में वनाधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त दावों के निराकरण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में कार्यालय को प्राप्त जानकारी के आधार पर संबंधित हल्का और ग्राम पंचायतों में लंबित दावों के संबंध में संतोषजनक एवं समाधानकारक प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने की बात सामने आई। इसे एसडीएम ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों से जवाब तलब किया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि आदिम जाति कल्याण विभाग की ओर से वनाधिकार पट्टों के वितरण के संबंध में तीन बार प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके बावजूद शासन की महत्वाकांक्षी जनकल्याणकारी योजनाओं में शामिल वनाधिकार दावों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। शासन स्तर से खंड स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

एसडीएम शैलेन्द्र कुमार बड़ोनिया ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सात दिन के भीतर लंबित दावों के निराकरण के लिए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। पात्र प्रकरणों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाए तथा अन्य प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्य की संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की होगी। प्रकरण में कलेक्टर, वनमंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, तहसीलदार हरदा/हंडिया और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हरदा को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रतिलिपि भेजी गई है।

रिहायशी इलाकों में आ रहा बदबूदार पानी, रहवासियों में नाराजगी: फ्रीगंज, संजय नगर समेत कई इलाकों से गंदे पानी की शिकायतें मिल रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के कई रिहायशी इलाकों में नलों से बदबूदार और मटमैला पानी आने की शिकायतें मिल रही हैं। फ्रीगंज, संजय नगर और मंडी क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कि नल खोलने पर साफ पानी के बजाय गंदा पानी आ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि यह समस्या कुछ मिनट की नहीं है। गंदे पानी से पीने और दैनिक उपयोग के लिए सुरक्षित पानी जुटाना मुश्किल हो गया है। पाइपलाइन में लीकेज या जोड़ में खराबी से गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल सकता है।

नगर पालिका सीएमओ सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि पानी की टंकी सूख गई थी। उसकी सफाई के दौरान करीब पांच से सात मिनट तक गंदा पानी आया था। उन्होंने दावा किया कि अब पानी साफ होने की रिपोर्ट मिल चुकी है। हालांकि, रहवासियों की लगातार शिकायतों से सीएमओ के दावे पर सवाल उठ रहे हैं। दूषित पानी से उल्टी-दस्त और संक्रमण का खतरा है।

नियमों की धज्जियां ! नमक चौराहे पर टैंक की आड़ में बेसमेंट खुदाई का आरोप, शिकायत के बाद भी कार्रवाई पर सवाल

सीहोर। शहर के व्यस्त नमक चौराहे के पास चल रहे निर्माण कार्य ने नगर पालिका की निगरानी व्यवस्था और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई के दावों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि वाटर टैंक या सेप्टिक टैंक बनाने की आड़ में बड़े और गहरे गड्ढे की खुदाई की जा रही है, जबकि मौके की स्थिति कथित बेसमेंट निर्माण की आशंका पैदा कर रही है। सवाल यह है कि यदि निर्माण नियमानुसार हो रहा है, तो उसकी स्वीकृत योजना और मौके पर हो रहे काम की स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं की जा रही? और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो जिम्मेदार विभाग अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर पाए? नमक चौराहे जैसे व्यस्त इलाके में बड़े आकार के गड्ढे की खुदाई और निर्माण के लिए



सरियों के जाल व पिलर तैयार किए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है। रहवासी अनिल, मनोज सहित अन्य नागरिकों का कहना है कि निर्माण की वास्तविक प्रकृति की जांच होना जरूरी है। यदि काम केवल वाटर टैंक या सेप्टिक टैंक के लिए किया जा रहा है, तो स्वीकृत नक्शे, अनुमति और खुदाई की गहराई का मिलान किया जाना चाहिए।

प्रसिद्ध भजन गायक छोटूसिंह रावणा ने दी प्रस्तुति

तीन बाण के धारी, तीनों बाण चलाओ ना... भजन सुनकर झूमे श्रोतागण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा





श्री बजरंग दुर्गा उत्सव परिवार ने शनिवार रात मिडिल स्कूल ग्राउंड पर भजन संध्या का आयोजन किया। राजस्थान के लोक गायक छोटूसिंह रावणा ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। उन्होंने युवाओं से आध्यात्म से जुड़ने और बेटियों को समान अधिकार देने का संदेश भी दिया। पत्रकारों से बात में छोटूसिंह रावणा ने कहा कि देश के सभी लोगों को भजनों से जुड़ना चाहिए। जब युवा आध्यात्म से जुड़ते हैं, तो उनमें एक विशेष ऊर्जा आती है। इस ऊर्जा का उपयोग वे स्वयं, परिवार, गांव और राष्ट्रहित में कर सकते हैं।

अपने प्रसिद्ध भजन 'तीन बाण के धारी, तीनों बाण चलाओ ना' को लेकर उन्होंने कहा कि जब इंसान हार जाता है, तब भगवान उसके लिए दौड़े चले आते हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए बताया कि माता कुंती ने श्रीकृष्ण से हमेशा दुख और विपत्तियां मांगी थीं, क्योंकि विपत्ति में भक्त भगवान के सबसे करीब होता है। छोटूसिंह रावणा ने भगवान खाटू श्याम को हारे का सहारा बताते हुए उनके प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक भक्त का अपने भगवान के प्रति जैसा भाव होता है, वैसा ही उनका भी खाटू श्याम के प्रति है। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने लोगों से बेटियों के प्रति सोच बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी बेटों के समान प्यार, सम्मान, शिक्षा और आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। गर्भ में पल रही बच्ची को केवल बेटी होने के कारण जीवन से वंचित नहीं करना चाहिए। समिति ने बालिकाओं के साथ भेदभाव नहीं करने, भ्रूण हत्या का विरोध करने और बेटियों की सुरक्षा व शिक्षा को प्राथमिकता देने का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही दहेज लेने-देने की कुप्रथा से दूर रहने और सम्मान व समानता पर आधारित विवाहों को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

---

108 दीपक से हुई मां की आरती

महाकाली स्वरूप और नशामुक्ति नाटक ने दिया आध्यात्मिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर नवदुर्गा उत्सव समिति चित्रा इमली, इंदौर रोड स्थित प्रांगण में नौ देवियों की चैतन्य झांकी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आध्यात्मिक ज्ञान, देवी स्वरूपों की महिमा और नशामुक्ति के संदेश के माध्यम से उपस्थित लोगों को जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर बीके भव्यता बहन ने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि नवरात्रि केवल देवी-देवताओं की पूजा का पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर छिपी शक्तियों को जागृत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि नौ देवियां हमारी नौ दिव्य शक्तियों की प्रतीक हैं। स्थिरता, तपस्या, शांति, खुशी, ममता, साहस, परिवर्तन, पवित्रता और सिद्धि जैसी शक्तियों को जीवन में धारण करके ही सच्चे अर्थों में दैवी गुणों को अपनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिषासुर कोई बाहरी राक्षस मात्र नहीं, बल्कि हमारे भीतर मौजूद काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार और बुरी आदतों का प्रतीक है। परमात्मा की याद और राजयोग के अभ्यास से इन विकारों पर विजय प्राप्त की जा सकती



है। नवरात्रि का सच्चा उद्देश्य केवल देवी की आराधना करना नहीं, बल्कि अपने जीवन को दिव्य गुणों से सुसज्जित करना है। कार्यक्रम में 108 दीपकों से मां की भव्य आरती की गई। महाकाली स्वरूप की आकर्षक प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। वहीं, नशामुक्ति पर आधारित नाटक के माध्यम से युवाओं और समाज को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ, संस्कारवान और खुशहाल जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को आध्यात्मिकता से जोड़ना, बुराइयों का त्याग करने की प्रेरणा देना और समाज में शांति, पवित्रता एवं सकारात्मकता का वातावरण निर्मित करना रहा।